**ग्राम पंचायत रक्कड़, विकास खण्ड धर्मशाला, ज़िला काँगड़ा, हि०प्र० – 176057**
**के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का**
**अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन**

**भाग-एक**

**1. प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपें जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत रक्कड़, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :-**

**प्रधान:-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती इंदु | 01/04/2022 से 31/03/2024 |

**सचिव :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री करनैल सिंह | 01/04/2022 से 12/09/2022 |
| 2. | श्री संतोष कुमार | 13/09/2022 से 19/05/2023 |
| 3. | सुश्री शिल्पा | 20/05/2023 से 31/03/2024 |

**तकनीकी सहायक :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री अजय कुमार | 01/04/2022 से 31/03/2024 |

**ग्राम रोजगार सेवक :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री सोनू कुमार | 01/04/2022 से 31/03/2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-**

ग्राम पंचायत रक्कड़ के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:-

| क्र०सं० | पैरा सं० | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 4.1 | रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों का मिलान न करने के कारण अन्तशेष में अत्यधिक अन्तर का पाया जाना | **0.58** |
| 2. | 6.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | **29.89** |
| 3. | 7.1 | संपत्ति कर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | **0.36** |
| 4. | 8.1 | खनन सामग्री बिलों के साथ ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान का पाया जाना | **1.37** |
| 5. | 8.2 | बजरी एवं पत्थर के क्रय हेतु भुगतान से पूर्व रिक्तियों (Voids) की कटौती न करने के कारण अधिक/अनियमित भुगतान का पाया जाना | **0.05** |
| 6. | 8.3 | सेवाओं एवं सामग्री क्रय हेतु भुगतान पर जी.एस.टी. टी.डी.एस. (G.S.T, T.D.S.) की कटौती न करने के कारण अधिक/अनियमित भुगतान का पाया जाना | **0.06** |
| 7. | 8.4 | औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक/स्टोर का क्रय करना | **0.80** |
| 8. | 8.5 | पेवर ब्लॉक का अनियमित क्रय करना | **3.14** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | 8.6 | अग्रिम राशि का समायोजन हेतु शेष पाया जाना | **1.78** |
| 10. | 8.6 | प्रोफॉर्मा एवं मूल बिल अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना | **1.78** |
| 11. | 9.1 | कृत व्यय से संबंधित माप पुस्तिका के अभिलेखन व अनुरक्षण करने में प्रतिपादित नियमों की अवहेलना करना | **3.55** |
| 12. | 9.3 | मस्ट्रोलवार कार्य का मूल्यांकन न करने के कारण अनियमित भुगतान का पाया जाना | **0.48** |
| 13. | 9.4 | व्यक्तिगत कार्यों में मजदूरी सामग्री अनुपात (60:40) के उल्लंघन के कारण अतिरिक्त/ अनियमित भुगतान का पाया जाना | **0.43** |
| 14. | 10.1 | विवाह पंजीकरण शुल्क की प्राप्ति न करने के कारण राजकीय कोष को राजस्व हानि का पाया जाना | **0.03** |
| 15. | 10.2 | विवाह पंजीकरण शुल्क की प्राप्त राशि को हि० प्र० राजकीय कोष में जमा न करने से राजस्व हानि | **0.08** |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :-**

हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत रक्कड़ का गत अंकेक्षण अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 के लिये किया गया था, जिसके शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित है:-

**<u>1.अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 तक</u>**

| क्र० सं० | पैरा सं० | नवीनतम स्थिति |
|---|---|---|
| 1. | 3 | **अनिर्णित** |
| 2. | 4 | **अनिर्णित** |
| 3. | 5.1 | **निर्णित** (ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.2022 से 12.01.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष |

| | | |
|---|---|---|
| | | अभियान के दौरान |
| 4. | 5.2 | **निर्णित** (ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.2022 से 12.01.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |
| 5. | 5.3 | **निर्णित** (ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.2022 से 12.01.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |
| 6. | 5.4 | **निर्णित** (ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.2022 से 12.01.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |
| 7. | 6 | **निर्णित** (ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.2022 से 12.01.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |
| 8. | 7 | **निर्णित** (ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.2022 से 12.01.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |
| 9. | 8 | **अनिर्णित** |
| 10. | 9 | **निर्णित** (ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.2022 से 12.01.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |
| 11. | 10 | **अनिर्णित** |
| 12. | 11 | **निर्णित** (ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.2022 से 12.01.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |
| 13. | 12 | **निर्णित** (ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.2022 से 12.01.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |
| 14. | 13 | **निर्णित** (ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक |

| | | |
|---|---|---|
| | | 10.01.2022 से 12.01.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |
| 15. | 14 | **निर्णित** (ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.2022 से 12.01.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |
| 16. | 15 | **निर्णित** (ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.2022 से 12.01.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |

## भाग – दो

### 2. वर्तमान अंकेक्षण

ग्राम पंचायत रक्कड़, विकास खण्ड धर्मशाला, ज़िला काँगड़ा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री दीपक सिंह पठानिया, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 18.02.2025 से 22.02.2025 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में किया गया। आय व्यय की विस्तृत जांच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्व स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया:-

| वित्तीय वर्ष | आय (माह) | व्यय (माह) |
|---|---|---|
| 2022-23 | 11/2022 | 08/2022 |
| 2023-24 | 07/2023 | 08/2023 |

<u>**अस्वीकरण (Disclaimer):**</u> - ***इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।***

**3. अंकेक्षण शुल्क**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क **₹4000/-** आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला - 171009 को प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण ज्ञापन संख्या: 13/2024/रक्कड़ दिनांक 22.02.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 14/2025 दिनांक 22.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र ही शुल्क की अदायगी कर दी जाएगी।

**4. वित्तीय स्थिति**:-

**(क)** पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक 39/2024 दिनांक 18.02.2025 की अनुपालना में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट** - **"क"** और **"ख"** में दिया गया है:-

**1. स्वः स्त्रोत:-**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कालम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कालम 4-5) |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** |
| 2022-23 | 31661.00 | 313095.00 | 344756.00 | 27451.00 | 317305.00 |
| 2023-24 | 317305.00 | 284199.00 | 601504.00 | 99799.00 | 501705.00 |

**2. अनुदान:-**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कालम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कालम 4-5) |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** |
| 2022-23 | 2084136.00 | 3115313.00 | 5199449.00 | 2303786.00 | 2895663.00 |
| 2023-24 | 2895663.00 | 2020884.62 | 4916547.62 | 1927587.62 | 2988960.00 |

**कुल योग (1+2)** = 501705.00 + 2988960.00 = **3490665.00**

**(ख) बैंक समाधान विवरणी:-**

दिनांक 31.03.2024 को ग्राम पंचायत की रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष **₹34,90,665.00** तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि के अन्तशेष **₹34,33,100.70 (परिशिष्ट - "ग")** से सम्बन्धित विवरणी निम्नानुसार है:-

| क्र०सं० | शीर्ष | बैंक | खाता सं० | बैंक अंत शेष 31.03.2024 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सभा निधि (OWN SOURCE) | के०सी०सी०बी० योल कैम्प | 50053900916 | ₹ 5,00,591.00 |
| 2. | | IndusInd बैंक धर्मशाला | 100141920905 | ₹ 1,074.00 |
| 3. | 5वां राज्य वित्तायोग (5TH SFC) | के०सी०सी०बी० योल कैम्प | 20121009789 | ₹ 4,05,526.50 |
| 4. | विधायक क्षेत्रीय विकास निधि योजना (V.K.V.N.Y.) | के०सी०सी०बी० योल कैम्प | 50055858859 | ₹ 4,86,799.70 |
| 5. | क्षेत्रीय विकेंद्रीकृत योजना (SDP) | के०सी०सी०बी० योल कैम्प | 50055860142 | ₹ 2,00,690.00 |
| 6. | राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान (RGSA) | IndusInd बैंक धर्मशाला | 100141922237 | ₹ 2,211.50 |
| 7. | राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) | के०सी०सी०बी० योल कैम्प | 50055860539 | ₹ 11,376.00 |
| 8. | आपदा राहत कोष (CRF) | के०सी०सी०बी० योल कैम्प | 50055858644 | ₹ 6,564.00 |
| 9. | स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | के०सी०सी०बी० योल कैम्प | 50075898210 | ₹ 12,523.00 |
| 10. | मुख्यमंत्री ग्राम पथ योजना (MMGPY) | के०सी०सी०बी० योल कैम्प | 50055860958 | ₹ 894.00 |
| 11. | | IndusInd बैंक | 100141921568 | ₹ 11,070.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | धर्मशाला | | |
| 12. | 12वाँ वित्तायोग (12TH FC) | के०सी०सी०बी० योल कैम्प | 50055860798 | ₹ 0.00 |
| 13. | 14वाँ वित्तायोग (14TH FC) | IndusInd बैंक धर्मशाला | 100124111559 | ₹ 2,344.00 |
| 14. | 15वाँ वित्तायोग (15TH FC) | बंधन बैंक धर्मशाला | 50200017009490 | ₹ 17,91,437.00 |
| | हस्तगत नकद शेष (Own Source) | | | ₹ 0.00 |
| | **कुल योग** | | | **₹ 34,33,100.70** |
| | **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :-** | | | |
| | रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति पैरा- 4(क) के अनुसार अन्तशेष :- | | | **₹ 34,90,665.00** |
| | पंचायत के बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेष:- | | | **₹ 34,33,100.70** |
| | **अंतर :-** | | | **₹ 57,564.30** |

**4.1 रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों का मिलान न करने के कारण अन्तशेष में राशि ₹0.58 लाख के अत्यधिक अन्तर बारे:-**

रोकड़ बहियों के अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया था, जबकि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 7 (3) व 10 (1) के अनुसार पंचायतों को रोकड़ बही का बैंक खातों से मिलान करना अनिवार्य है।

अंकेक्षण के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों में दिनांक 31.03.2024 को उपरोक्त पैरा 4(ख) के अनुसार **₹57,564.30** की राशि का अन्तर बैंक में कम जमा के रूप में पाया गया, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों के शेषों का बैंक खातों के शेषों से मिलान न करना नियमों के विरुद्ध होने के कारण अनियमित है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 02/2024/रक्कड़ दिनांक 19.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 03/2025 दिनांक 20.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस संदर्भ में त्रुटि को स्वीकार

करते हुये बताया जाता है कि रोकड़ बहियों का बैंक से मिलान कर अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर अंकेक्षणापत्ति अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अत: इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए वस्तुस्थिति अनुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाए ।

**4.2 योजनावार पृथक बैंक खाते न खोलना: -**

निदेशक पंचायती राज विभाग हि०प्र० के पत्र संख्या पी.सी.एच.-एच.ए.(5)सी(15)-13(एल)5-47005-81 दिनांक 15.02.2012 के अनुसार पंचायतों द्वारा PRIASoft लेखा प्रणाली (वर्तमान में E-Gram Swaraj) के कार्यान्वयन हेतु योजनावार अलग-अलग बैंक खाता खोलने के संबंध में जारी किए गए विभिन्न निर्देशों और दिशा-निर्देशों के अंतर्गत पंचायतों को सहायता अनुदान/निधि जारी करने से संबंधित स्वीकृति पत्र में PRIASoft लेखा प्रणाली (वर्तमान में E-Gram Swaraj) की आवश्यकता के अनुसार अनुदान के लेखा शीर्ष को दर्शाया जाएगा।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निम्नलिखित निधियों के आय व्यय हेतु एक से अधिक बैंक खाते खोले गये थे जोकि अनियमित है :-

| क्र०सं० | शीर्ष | बैंक | खाता सं० |
|---|---|---|---|
| 1. | सभा निधि (OWN SOURCE) | के०सी०सी०बी० योल कैम्प | 50053900916 |
| 2. | सभा निधि (OWN SOURCE) | IndusInd बैंक धर्मशाला | 100141920905 |
| 3. | मुख्यमंत्री ग्राम पथ योजना (MMGPY) | के०सी०सी०बी० योल कैम्प | 50055860958 |
| 4. | मुख्यमंत्री ग्राम पथ योजना (MMGPY) | IndusInd बैंक धर्मशाला | 100141921568 |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा बैंक खातों का संचालन वर्णित नियमों एवं निर्देशों के विरुद्ध है जिस कारण उपरोक्त तालिका में वर्णित अनुदानों के आरंभिक शेष व अंत शेष की पुष्टि नहीं की जा सकी, यह पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 01/2024/रक्कड़ दिनांक 19.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 02/2025 दिनांक 20.02.2025 द्वारा त्रुटि को स्वीकार करते हुये बताया गया कि भविष्य में नियमानुसार योजना वार अलग-अलग बैंक खाते खोलकर अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अत: एक शीर्ष हेतु एक से अधिक बैंक खाते खोलने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये व पूर्वोक्त वर्णित दिशा-निर्देशों के दृष्टिगत कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**4.3 लेखा खाता/खाता बही तैयार न करना: -**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 (1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप 7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि की खाता बहियाँ/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। अंकेक्षण अवधि की खाता बहियाँ/ लेखा खाते तैयार न करने कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित माहों के वाउचरों से संबंधित निम्न तालिका में दर्शाये गये कार्यों के निष्पादन हेतु योजनावार एवं कार्य के अनुसार निधियों की कुल प्राप्ति एवं भुगतान की पुष्टि सम्भव न हो सकी तथा उक्त कार्यों को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं की पुष्टि सम्भव न हो सकी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्त्रोत व अनुदानों से प्राप्त की गई आय की भी लेखा/ खाता बही के अभाव में वास्तविक प्राप्तियों की अंकेक्षण में सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी।

| क्र०सं० | अनुदान | वा०सं०/ दिनांक | बिल सं०/ मस्ट्रोल सं० दिनांक | कार्य का नाम | चयनित माह में भुगतान की गई राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RGSA | RGSA/2022-23/P/9 Dt 03.08.2022 | 13182/ 19.05.2022 | C/O CSC Lokmitr Kender GP Rakkar | ₹ 17,230.00 |
| 2 | SDP | SDP/2022- | 477/ | C/o Jeep Road with Tile from | ₹ 1,39,400.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 23/P/3 Dt 25.08.2022 | 24.08.2022 | Vijender Singh Rana House towards Chuni Lal Dhawan House Ward No. 5 | |
| 3 | SDP | SDP/2022-23/P/4 Dt 25.08.2022 | 476/ 24.08.2022 | C/o Jeep Road with Tile from Kripal Chand House towards Vijender Singh Rana House Ward No. 5 | ₹ 1,39,400.00 |
| 4 | 15th FC | XVFC/2022-23/P/40-41 Dt 10.08.2022 | 7867/ 07.06.2022 | निर्माण नाली मेन कुहल से अमर सिंह के घर की ओर वार्ड नं 2 | ₹ 8,400.00 |
| 5 | 15th FC | XVFC/2022-23/P/42-43 Dt 10.08.2022 | 7869/ 22.06.2022 | | ₹ 4,200.00 |
| 6 | 15th FC | XVFC/2022-23/P/44-50 Dt 10.08.2022 | 7857/ 07.03.2022 | निर्माण नाली मनोहर लाल के घर से आत्माराम के घर की ओर वार्ड नं 4 | ₹ 15,493.00 |

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 02/2024/रक्कड़ दिनांक 19.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 03/2025 दिनांक 20.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि भविष्य में नियमानुसार खाता बही का अद्यतन कर अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर अंकेक्षणापत्ति अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अत: इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण अवधि की खाता बहियाँ /लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाता बहियाँ /लेखा खाते तैयार किए जाने सुनिश्चित किए जायें व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**5. निवेश**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा

सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है, ताकि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के दौरान किसी भी राशि को सावधि जमा में निवेशित नहीं किया गया था। जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास प्रतिवर्ष स्व:-स्त्रोत में कृत व्यय की तुलना में अतिरिक्त शेष उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 03/2024/रक्कड़ दिनांक 19.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 04/2025 दिनांक 20.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में निवेश नहीं किया गया था। भविष्य में नियमानुसार सावधि निवेश कर लिया जाएगा व आगामी अंकेक्षण को सूचित कर दिया जाएगा।

अत: अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत भविष्य में नियमानुसार सुधारात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 6. अनुदान

### 6.1 अनुदान राशि ₹29.89 लाख का अवरोधन :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **9** के अनुसार पंचायत द्वारा विभिन्न अनुदानों को फंडिंग एजेंसी के दिशा-निर्देशों अनुसार व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक 39/2024 दिनांक 18.02.2025 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जोकि **परिशिष्ट - " क "** व **परिशिष्ट - " ख "** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31.03.2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से **₹ 29,88,960.00** की राशि उपयोग हेतु शेष थी, जिससे स्पष्ट है कि विभिन्न अनुदान शीर्षों के अंतर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 03/2024/रक्कड़ दिनांक 19.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 04/2025 दिनांक 20.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस विषय में कार्यवाही करके शेष अनुदान राशि का उपयोग कर लिया जाएगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को भी अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

**6.2 अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न करवाना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **79**(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त सचिव, पंचायती राज विभाग हि०प्र० के पत्र सं० पी०सी० एच०-एच०, ए० (5)(सी)(15)313/88-4614-478 दिनांक 25.04.2007 के अन्तर्गत जारी दिशा-निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों को सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी व अन्य स्वीकृत एजेन्सी से विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्रदान की गई राशियों के स्वीकृति पत्र उपलब्ध करवायेगा ताकि अंकेक्षण के समय सुनिश्चित कर सके कि धन राशि सम्बन्धित स्कीम पर ही खर्च की जा रही है।

अंकेक्षण के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि में प्राप्त अनुदानों के आदेश/ स्वीकृति पत्र अंकेक्षण हेतु उपलब्ध नहीं करवाये गए। लिखित रूप में अनुदान का प्रयोजन प्राप्त न होने के कारण अनुदानों के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता | अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न होने के कारण यह ज्ञात नहीं हो सका कि पंचायत द्वारा प्राप्त किए गए अनुदान किस उद्देश्य / कार्य विशेष के लिए प्राप्त किए गए थे।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 03/2024/रक्कड़ दिनांक 19.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 04/2025 दिनांक 20.02.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि अनुदानों के आदेश व स्वीकृति पत्र विकास

खण्ड कार्यालय से प्राप्त नहीं हुए हैं, जिन्हें भविष्य में प्राप्त कर आगामी अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अत: इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाए एवं अंकेक्षण को दिए आश्वासनानुसार उक्त आदेश / स्वीकृति पत्र खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त कर तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**6.3 अनुदान रजिस्टर का रख-रखाव न करना :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम **61 (1)** के अंतर्गत उल्लेखित फार्म 21 के अनुसार अनुदान रजिस्टर का संधारण किया जाना अपेक्षित है एवं नियम **79(2)** के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अनुदान रजिस्टर का रख-रखाव नहीं किया गया था जिसके अभाव में प्रस्तुत अंनुदानों की वित्तीय स्थिति का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 03/2024/रक्कड़ दिनांक 19.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 04/2025 दिनांक 20.02.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि अनुदान रजिस्टर असंधारित है एवं भविष्य में अनुदान रजिस्टर को संधारित कर आगामी अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः भविष्य में नियमों के अनुसार रजिस्टर तैयार एवं अद्यतन (***Update)*** करके समस्त प्राप्त अनुदान व अनुदान राशि से किये गये व्यय का लेखांकन अनुदान रजिस्टर में करने उपरांत अंकेक्षण सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

**7. पंचायत राजस्व**

**7.1 संपत्ति कर/गृहकर राशि ₹0.36 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना: -**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **34(2)** के अनुसार पंचायत को देय कोई भी रकम पर्याप्त कारणों के बिना परादेय (outstanding) नहीं रखी जायेगी।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि संपत्ति कर / गृहकर मांग व संग्रहण पंजिका अपूर्ण थी। पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 04/2024/रक्कड़ दिनांक 20.02.2025 की अनुपालना में पत्र क्रमांक 05/2025 दिनांक 21.02.2025 द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार पंचायत ने अपने अधिकार क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में ₹40/- प्रति परिवार प्रतिवर्ष की दर से गृह कर आरोपित किया था एवं राशि **₹35,575.00** के पंचायत राजस्व की वसूली दिनांक 31.03.2024 को शेष थी जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट - " घ "** पर संलग्न है। संपत्ति कर/गृहकर से संबंधित मांग व संग्रहण पंजिका अपूर्ण होने के कारण लम्बित गृह कर तथा वसूली का पूर्ण पता नहीं लगाया जा सका। संपत्ति कर/गृहकर की नियमित वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2024/रक्कड़ दिनांक 22.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 13/2025 दिनांक 22.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि गृहकर की शीघ्र वसूली करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर अंकेक्षणापत्ति अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतःउक्त पंचायत राजस्व किन कारणों से परादेय (outstanding) रहा, की तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करते हुये लम्बित करों एवं बकाया पंचायत राजस्व राशियों की शीघ्र वसूली हेतु नियमानुसार संपत्ति कर / गृहकर से सम्बन्धित मांग व संग्रहण पंजिका को संधारित कर प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 8. व्यय

### 8.1 खनन सामग्री बिलों के समर्थन में ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹1.37 लाख के अनियमित भुगतान बारे: -

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम, 2015 के नियम 81 व 81 ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा

जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25% पेनल्टी सहित करना होगा। इसके अतिरिक्त निदेशक, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, हि०प्र० के पत्र क्रमांक XEN-(RD&PR)-DB-GENERAL/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 व XEN-(RD&PR)-Royalty/2011-Vol-1-10247-10393 दिनांक 24.07.2024 द्वारा भी समय-समय पर निर्देश जारी किए गये कि खनन सामग्री क्रय हेतु भुगतान केवल संबंधित ट्रांजिट पास की प्राप्ति सुनिश्चित करने उपरांत ही किया जाएगा।

अंकेक्षण के दौरान बिल/वाउचरों के नमूना अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा रेत, बजरी, पत्थर की खरीद की गई थी परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान से पूर्व आपूर्तिकर्ता से उक्त ट्रांजिट पास की प्राप्ति सुनिश्चित नहीं की गई थी। ग्राम पंचायत द्वारा नियमों की अवहेलना एवं निर्देशों की अनदेखी के परिणामस्वरूप **परिशिष्ट - " ङ "** पर संलग्न विवरणानुसार राशि **₹1,36,620.23** का आपूर्तिकर्ता को अनियमित भुगतान किया गया था। ट्रांजिट पास उपलब्ध न होने के कारण क्रय खनन सामग्री के आपूर्ति स्त्रोत की वैधता की पुष्टि नहीं की जा सकी जिस कारण अवैध खनन स्त्रोत से आपूर्ति की भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024/रक्कड़ दिनांक 21.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 09/2025 दिनांक 22.02.2025 द्वारा त्रुटि को स्वीकार करते हुये अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में निर्माण कार्यों पर प्रयोग की गई सामग्री (रेत, बजरी व पत्थर इत्यादि) के बिलों के समर्थन में ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) की प्राप्ति सुनिश्चित नहीं की गई और भुगतान किया गया। ग्राम पंचायत ने आश्वासन दिया कि आपूर्तिकर्ता से ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) प्राप्त कर आगामी अंकेक्षण को प्रस्तुत कर दिये जाएंगे। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है। यह एक अनुचित प्रक्रिया है।

अतः राशि **₹1,36,620.23** के अनियमित भुगतान को या तो नियमानुसार समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा इस संबंध में संबंधित विभाग से संपर्क/पत्राचार कर तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही एवं अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। अंकेक्षण द्वारा सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में भी खनन सामग्री के क्रय के दौरान बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास की प्राप्ति सुनिश्चित की जाये व तदोपरान्त ही आपूर्तिकर्ता को भुगतान किया जाये।

**8.2 बजरी एवं पत्थर के क्रय हेतु भुगतान से पूर्व रिक्तियों (Voids) की कटौती न करने के कारण राशि ₹0.05 लाख का अधिक/अनियमित भुगतान बारे: -**

हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग (HPPWD) के लिए भवनों एवं सड़कों हेतु सामग्री सम्बन्धी अध्याय 2 के पैरा क्रम 2.1.2.13 में बजरी (Aggregate) एवं पत्थरों (Stone/Boulders) के आकार अनुसार आपूर्ति के दौरान रिक्तियों (Voids) की कटौती 5%, 10% एवं 12.5% करना निर्धारित है

अंकेक्षण के दौरान बिल/वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ताओं से पत्थरों की खरीद करने हेतु नियमानुसार आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान करने से पूर्व रिक्तियों की कटौती नहीं की गई थी। ग्राम पंचायत द्वारा नियमों की अवहेलना एवं अनदेखी के परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को रिक्तियों की कटौती किए बिना कुल राशि **₹69,369.90** का भुगतान किया गया था जिस पर राशि **₹4,567.00** का अधिक/अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट " च "** में दिया गया है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 09/2024/रक्कड़ दिनांक 21.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 10/2025 दिनांक 22.02.2025 द्वारा त्रुटि को स्वीकार करते हुये अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में भुगतान के समय आपूर्तिकर्ताओं से नियमानुसार रिक्तियों (Voids) की कटौती नहीं की गई थी जिस कारण आपूर्तिकर्ता को अतिरिक्त भुगतान कर दिया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा आश्वासन दिया गया कि अतिरिक्त भुगतान

की गई राशि की वसूली आपूर्तिकर्ता से करके अंकेक्षण को अवगत करवा देगी। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है। यह एक अनुचित प्रक्रिया है।

अतः ग्राम पंचायत द्वारा नियमानुसार रिक्तियों की कटौती किए बिना आपूर्तिकर्ताओं को बिल/वाउचरों के प्रति किए गये भुगतान को नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा अंकेक्षणावधि के दौरान कुल कटौती योग्य रिक्तियों की अपेक्षित राशि की वसूली आपूर्तिकर्ताओं/उचित स्रोत से की जाए। अंकेक्षण द्वारा सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में भुगतान से पूर्व रिक्तियों की कटौती से संबंधित नियमों की अनुपालना सुनिश्चित की जाये व तदोपरान्त ही आपूर्तिकर्ता को भुगतान किया जाये।

**8.3 सेवाओं एवं सामग्री क्रय हेतु भुगतान पर जी.एस.टी. टी.डी.एस. (G.S.T, T.D.S.) की कटौती न करने के कारण राशि ₹0.06 लाख का अधिक/अनियमित भुगतान बारे:-**

हिमाचल प्रदेश जी.एस.टी. अधिनियम, 2017 की धारा 51 तथा हि०प्र० आबकारी एवं कराधान विभाग के पत्र संख्या 12-4/78 EXN-TAX-Part (278/25)-29056 दिनांक 29.09.2018 के अनुसार किसी भी व्यक्ति/फर्म/संस्था/स्थानीय प्राधिकरण अथवा सरकारी विभाग (Person/HUF/Firm/Local Authority/Govt. Deductor) द्वारा संविदाकार व्यक्ति, फर्म को सेवाएं तथा वस्तुएं प्रदान करने के बदले एक वित्तीय वर्ष में एकल अनुबंध के अन्तर्गत ₹2,50,000.00 से अधिक राशि के भुगतान पर 2% (1%CGST + 1%SGST – अंतर्राज्यीय आपूर्ति तथा 2% IGST – अंतर्राज्यीय आपूर्ति) की दर से जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती संबंधित व्यक्ति / फर्म / संविदाकार को नगद अथवा बैंक खाते में अदायगी के समय की जानी अपेक्षित है तथा उक्त कटौती की राशि को अगले माह 10 तारीख से पहले संबंधित विभाग में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान बिल/वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान के समय आपूर्तिकर्ताओं से नियमानुसार जी.एस.टी., टी.डी.एस. की कटौती नहीं की गई थी। ग्राम पंचायत द्वारां नियमों की अवहेलना एवं अनदेखी के परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ताओं से सेवाओं एवं सामग्री क्रय हेतु अंकेक्षण अवधि के चयनित माह के दौरान कुल राशि **₹3,13,650.00** का भुगतान किया गया जिस पर नियमानुसार आपूर्तिकर्ताओं

से जी.एस.टी. टी.डी.एस. के रूप में भुगतान की गई राशि का 2% की दर से राशि **₹6,273.00** की कटौती नहीं की गई थी जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट " छ "** में दिया गया है। जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 10/2024/रक्कड़ दिनांक 21.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 11/2025 दिनांक 22.02.2025 द्वारा त्रुटि को स्वीकार करते हुये अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में भुगतान के समय आपूर्तिकर्ताओं से नियमानुसार जी.एस.टी. टी.डी.एस. (G.S.T T.D.S.) की कटौती नहीं की गई थी जिस कारण आपूर्तिकर्ता को अतिरिक्त भुगतान कर दिया गया है। ग्राम पंचायत इस त्रुटि को स्वीकार करती है। अतः अतिरिक्त भुगतान की गई राशि की वसूली आपूर्तिकर्ता से करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है। यह एक अनुचित प्रक्रिया है।

अतः ग्राम पंचायत द्वारा नियमानुसार जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती किए बिना आपूर्तिकर्ताओं को बिल/वाउचरों के प्रति किए गये भुगतान को नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिए आश्वासनानुसार कटौती योग्य जी.एस.टी. टी.डी.एस. की अपेक्षित राशि की वसूली आपूर्तिकर्ताओं/उचित स्रोत से करने उपरांत सम्पूर्ण राशि संबंधित विभाग में जमा करवाई जाए और भविष्य में भी भुगतान से पूर्व जी.एस.टी. टी.डी.एस. से संबंधित नियमों की अनुपालना सुनिश्चित की जाये व तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

**8.4 औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही ₹0.80 लाख के स्टॉक/स्टोर का क्रय करना: -**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4), 67(5), 69 एवं 70 स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं जारी करने, निविदायें (Quotations) आमंत्रित करना, मांग, अनुबंध सूची, आपूर्ति आदेश इत्यादि औपचारिकतायें प्रावधित है।

अंकेक्षण के दौरान बिल/वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा राशि **₹80,430.00** के स्टॉक/स्टोर का क्रय औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था, जिसका पूर्ण विवरण **परिशिष्ट - " ज "** में दिया गया है, जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 11/2024/रक्कड़ दिनांक 21.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 12/2025 दिनांक 22.02.2025 द्वारा त्रुटि को स्वीकार करते हुये बताया गया कि कार्य की आकस्मिकता के कारण औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना राशि **₹80,430.00** की निर्माण सामग्री का क्रय खुले बाजार से किया व अंकेक्षण को आश्वासन दिया कि भविष्य में सामग्री का क्रय औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण करने उपरांत ही किया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है। नियमानुसार सामग्री क्रय न करने के कारण ग्राम पंचायत द्वारा किसी व्यक्ति विशेष/ आपूर्तिकर्ता को अनुचित लाभ पहुंचाने की संभावना एवं व्यय राशि के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

अतः आपूर्ति आदेशों के अभाव में सामग्री के मांग अनुरूप होने तथा बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ न उठाने बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये कृत व्यय को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाने उपरान्त ही स्टॉक/स्टोर का क्रय,भंडारण एवं निर्गम किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**8.5 राशि ₹3.14 लाख के पेवर ब्लॉक का अनियमित क्रय करने बारे: -**

सचिव (RD&PR) हि० प्र० सरकार के पत्र संख्या No.PCH-HC(10) FFC-Misc-60819-978 दिनांक 13.11.2018 द्वारा जारी दिशा-निर्देशों अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण सामग्री पेवर ब्लॉक्स तथा टाइल्स के क्रय हेतु हि० प्र० सरकार के स्वीकृत माध्यम अर्थात भंडार नियंत्रक (**Controller of store)** की दर संविदा (**Rate Contract)** अथवा **Gem Portal** को प्राथमिकता दिया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान बिल/वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा **परिशिष्ट " झ "** पर संलग्न विवरणानुसार राशि **₹3,13,650.00** मूल्य के पेवर ब्लॉक्स का क्रय हि० प्र० सरकार के स्वीकृत माध्यम नियंत्रक भंडार के Rate Contract अथवा Gem Portal से अनुपलब्धता सुनिश्चित किए बिना किया गया था तथा न ही ग्राम पंचायत द्वारा उक्त पत्र में वर्णित प्रावधान *"It will be mandatory for the concerned technical authority to give justification of the rates in the estimate. Before placing the supply, order or awarding the work to lowest bidder justification of rates may be prepared and got approved from the one step up authority who has accorded technical sanction"*, की पालना की गई जोकि अनियमित एवं अनुचित प्रक्रिया है और यह ग्राम पंचायत द्वारा नियमों एवं दिशा-निर्देशों की पालना के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करता है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 11/2024/रक्कड़ दिनांक 21.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 12/2025 दिनांक 22.02.2025 द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरांत त्रुटि को स्वीकार करते हुये अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा पेवर ब्लॉक की खरीद खुले बाजार से किया गया है तथा भविष्य में वर्णित नियमों की पूर्ण अनुपालना सहित ही पेवर ब्लॉक का क्रय किया जाएगा। प्रत्युत्तर नियमानुकूल न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया। नियमानुसार सामग्री क्रय न करने के कारण ग्राम पंचायत द्वारा किसी व्यक्ति विशेष/ आपूर्तिकर्ता को अनुचित लाभ पहुंचाने की संभावना एवं व्यय राशि के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

अतः ग्राम पंचायत द्वारा लाखों रुपये की धनराशि का व्यय नियमों की अवहेलना करते हुये करना उचित नहीं है। उक्त अनियमितताओं बारे तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण हेतु समर्थित अभिलेख एवं भौतिक सत्यापना सहित उक्त भुगतानों को पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये एवं वस्तुस्थिति अनुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये। इसके अतिरिक्त मामला हि०प्र० पंचायती राज विभागीय उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ

विस्तृत जांच उपरान्त यथास्थिति लाई गई अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाने हेतु भी लाया जाता है।

**8.6 अग्रिम राशि ₹1.78 लाख का समायोजन हेतु शेष पाया जाना :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 30 के अनुसार पंचायत द्वारा फार्म-9 में अस्थायी अग्रिमों का रजिस्टर तैयार करना तथा किए गये अग्रिमों का वित्तीय वर्ष के अंत में समायोजन किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान अस्थायी अग्रिमों के रजिस्टर को प्रस्तुत नहीं किया गया और व्यय वाउचरों के अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित खनियारा को सीमेंट के क्रय हेतु राशि **₹1,77,630.00** का अग्रिम प्रदान किया गया था, परंतु दिनांक 31.03.2024 तक उक्त राशि का समायोजन नहीं हुआ था, जिसका पूर्ण विवरण **परिशिष्ट " ञ "** में दिया गया है। जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2024/रक्कड़ दिनांक 22.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 13/2025 दिनांक 22.02.2025 द्वारा बताया गया कि अग्रिम राशि का समायोजन शीघ्र कर लिया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः अस्थायी अग्रिमों के रजिस्टर को संधारित कर हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित खनियारा को की गई अग्रिम भुगतान राशि का समायोजन उचित समायोजन लेखों सहित करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**8.7 राशि ₹1.78 लाख के प्रोफॉर्मा बिल एवं मूल बिल अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे:-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम 79(2) अनुसार पंचायत सचिव संपरीक्षा के संचालन के लिए, संपरीक्षक(कों) सुसंगत अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेदार होगा और सभी अभिलेखों विवरणीयों और लेखों के रजिस्टर/ अभिलेख संपरीक्षा के प्रयोजन के लिए तैयार रखेगा।

अंकेक्षण के दौरान व्यय वाउचरों के अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा सीमेंट के क्रय से संबंधित प्रोफॉर्मा एवं मूल बिल (Original Bill) प्रस्तुत नहीं किए गये। ग्राम पंचायत द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित खनियारा को **परिशिष्ट "ञ"** पर संलग्न विवरणानुसार राशि **₹1,77,630.00** का भुगतान किया गया था, जिसके बदले में समय-समय पर ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों में प्रयोग हेतु सीमेंट लिया गया था उक्त भुगतान एवं प्राप्त सीमेंट की मात्रा से संबंधित मूल बिल अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने के कारण सीमेंट की स्टॉक प्रविष्टियों एवं खपत की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2024/रक्कड़ दिनांक 22.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 13/2025 दिनांक 22.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित खनियारा से मूल बिल (Original Bill) प्राप्त कर अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः उक्त मामले को उच्च अधिकारियों के ध्यानार्थ इस आशय के साथ लाया जाता है कि अग्रिम भुगतान राशि की जांच पड़ताल कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाये एवं संबंधित विभाग से संपर्क/पत्राचार कर मूल बिल (Original Bill) प्राप्त कर स्टॉक रजिस्टर का अद्यतन करने उपरांत नियमानुसार अग्रिम समायोजन लेखें सहित कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। अंकेक्षण द्वारा सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में सीमेंट के क्रय हेतु अग्रिम भुगतान केवल दार्शनिक बिल (Proforma Bill) प्राप्ति के उपरांत ही किया जाये।

**9. मनरेगा के अंतर्गत निष्पादित विभिन्न निर्माण कार्यों से संबंधित अनियमितता बारे**

**9.1 व्यय राशि ₹3.55 लाख से संबंधित माप पुस्तिका के अभिलेखन व अनुरक्षण करने में प्रतिपादित नियमों की अवहेलना बारे:-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 101 के अनुसार तकनीकी सहायक की माप पुस्तिकाओं को कनिष्ठ अभियंता द्वारा

प्रतिहस्ताक्षरित किया जाना एवं कनिष्ठ अभियंता की माप पुस्तिकाओं को सहायक अभियंता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जाना अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिसूचना क्रमांक PCH-HB(1)10/2017-PREW-44424-570 दिनांक 23.07.2019 के अनुसार तकनीकी सहायकों द्वारा माप पुस्तिका में तैयार किए गए कार्य अभिलेख प्रविष्टियों और बिल के मूल्यांकन के लिए, ₹3.00 लाख तक की लागत वाले कार्य कनिष्ठ अभियंता द्वारा पारित किए जाएंगे और कनिष्ठ अभियंता द्वारा तैयार किए गए ₹3.00 लाख से अधिक लागत वाले रिकॉर्ड प्रविष्टियों और बिल को सहायक अभियंता या कार्यकारी इंजीनियर द्वारा पारित किया जाएगा, जैसा भी मामला हो।

अंकेक्षण के दौरान **परिशिष्ट " ट "** पर संलग्न दृष्टांत मामलों में माप पुस्तिका के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा माप पुस्तिका में तकनीकी सहायक द्वारा की गई रिकॉर्ड प्रविष्टियों को विभागीय उच्च तकनीकी अधिकारियों द्वारा भुगतान हेतु पारित एवं प्रतिहस्ताक्षरित करवाए बिना भुगतान उपरोक्त वर्णित नियमों की अवहेलना के उपरांत किया गया था। फलस्वरूप किये गये भुगतानों की तकनीकी रूप से सत्यापना एवं नमूना जांच के अभाव में किसी वित्तीय अनियमितता की सम्भावना से अंकेक्षण में इनकार नहीं किया जा सकता।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2024/रक्कड़ दिनांक 22.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 13/2025 दिनांक 22.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को बताया गया कि नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी व आगामी अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा । प्रस्तुत प्रत्युत्तर अंकेक्षणापत्ति अनुकूल एवं तथ्यपूर्ण न होने के कारण तर्कसंगत नहीं है। ग्राम पंचायत द्वारा लाखों रुपये की धनराशि का व्यय नियमों की अवहेलना करते हुये करना उचित नहीं है।

अत: संबंधित माप पुस्तिकाओं में पाई गई अनियमितताओं बारे समर्थित अभिलेख सहित तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुये उक्त भुगतानों को पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये एवं माप पुस्तिकाओं में नियामनुसार अपेक्षित कार्रवाई करने उपरांत कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए। अंकेक्षण द्वारा सुझाव दिया जाता

है कि भविष्य में माप पुस्तिकाओं के अभिलेखन व अनुरक्षण हेतु वर्णित नियमों की पूर्णतः पालना सुनिश्चित की जाये।

**9.2 निर्माण कार्यों के निष्पादन के लिए अनुभागी / संकर्म समिति द्वारा हस्ताक्षरित अनुबंध प्रस्तुत न करना: -**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 93(ए)(1) के अनुसार प्रत्येक निर्माण कार्य के लिए एक अनुभागी / संकर्म समिति बनाए जाने का प्रावधान है जो कि नियमानुसार निर्धारित समयावधि के भीतर कार्य निष्पादन हेतु पंचायत के साथ उपरोक्त नियमों के **"परिशिष्ट -ई"** में दिए गये अनुबंध हस्ताक्षरित करेगी तथा उस कार्य विशेष के निष्पादन की देख-रेख के लिए हर तरह से उत्तरदायी होगी।

अंकेक्षण के दौरान **परिशिष्ट " ट "** पर संलग्न दृष्टांत मामलों में ग्राम पंचायत द्वारा अनुभागी / संकर्म समिति द्वारा हस्ताक्षरित अनुबंध अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गये, जिससे स्पष्ट है कि उक्त नियम की अनुपालना नहीं की जा रही थी तथा निर्माण कार्यों का निष्पादन पंचायत द्वारा अपने ही स्तर पर करवाया जा रहा था, जिसका औचित्य स्पष्ट करते हुए कृत अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें।

**9.3 मस्ट्रोलवार कार्य का मूल्यांकन न करने के कारण राशि ₹0.48 लाख के अनियमित भुगतान बारे :-**

मनरेगा अधिनियम, 2005 की अनुसूची-I के पैरा 16 के अनुसार मस्ट्रोल बंद होने के 03 दिनों के भीतर तकनीकी कर्मियों द्वारा कार्य स्थल पर लिए गए माप के आधार पर मजदूरी का भुगतान किया जाना है। मनरेगा वार्षिक मास्टर परिपत्र (Annual Master Circular) 2022-23 तथा 2023-24 के पैरा 7.12.4 के अनुसार, प्रत्येक मस्ट्रोल का मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

अंकेक्षण के दौरान व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के अंतर्गत मस्ट्रोलवार कार्य का मूल्यांकन किए बिना मजदूरी का भुगतान करने हेतु राशि **₹48,176.00** का व्यय किया गया जोकि अनियमित है व जिससे से संबंधित मस्टर रोलों का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट " ठ "** पर संलग्न है। मस्ट्रोलवार कार्य का

मूल्यांकन न करने के कारण मजदूरी हेतु भुगतान की गई राशि की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में संभव न हो सकी।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2024/रक्कड़ दिनांक 22.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 13/2025 दिनांक 22.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को बताया गया कि तकनीकी सहायक के पास एक साथ 5 से 6 पंचायत का कार्यभार होने के कारण व समय के अभाव के चलते प्रत्येक मस्ट्रोल का मूल्यांकन करना मुमकिन नहीं हो पाता है जिस कारण कार्य समाप्ति पर माप अनुसार मूल्यांकन किया गया है। प्रस्तुत प्रत्युत्तर तथ्यरहित होने के कारण तर्कसंगत नहीं है।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये कृत व्यय को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार मस्ट्रोलवार कार्य के मूल्यांकन उपरांत मजदूरी का भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए।

**9.4 व्यक्तिगत कार्यों में मजदूरी सामग्री अनुपात (60:40) के उल्लंघन के कारण राशि ₹0.43 लाख का अतिरिक्त/ अनियमित भुगतान करना :-**

प्रधान सचिव (ग्रा०वि०) हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या एसएमएस-8/2011-12-आर.डी.डी. (एम.पी.आर) दिनांक 22 जुलाई 2011 द्वारा मनरेगा के अन्तर्गत मजदूरी तथा गैर मजदूरी घटक पर निर्धारित 60:40 अनुपात को सुनिश्चित करने हेतु जारी दिशा निर्देशों अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों, लघु तथा सीमान्त किसानों की निजी भूमि पर किये जाने वाले प्रत्येक कार्य पर मजदूरी तथा गैर मजदूरी घटक पर व्यय क्रमशः 60:40 के अनुपात में ही होगा।

अंकेक्षण के दौरान व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थियों की भूमि पर निष्पादित कार्यों के लिए जारी निर्देशों की उल्लंघना करते हुये मजदूरी तथा गैर मजदूरी घटक पर निर्धारित 60:40 अनुपात को सुनिश्चित न करने के कारण आपूर्तिकर्ता को सामग्री क्रय हेतु राशि **₹43,196.81** का अतिरिक्त/ अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है , जिससे से संबंधित कार्यों का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट " ड "** पर संलग्न है।

